INTERMEDIATE (IPC)

GROUP I - PAPER 3

COST ACCOUNTING & FINANCIAL MANAGEMENT

MAY 2013

Roll No. ..............................

Total No. of Questions – 7 | Total No. of Printed Pages – 20

Time Allowed – **3** Hours | Maximum Marks – **100**

# FCT-H

Answers to questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi medium, his answers in Hindi will not be valued.

Question No. **1** is compulsory.

Attempt any **five** questions from the remaining **six** questions.

"Working notes should form part of the answer."

**Marks**

1. Answer the following : **4×5 =20**

(a) Following are the details of the product Phomex for the month of April 2013 :

| | |
|---|---|
| Standard quantity of material required per unit | 5 kg |
| Actual output | 1000 units |
| Actual cost of materials used | ₹ 7,14,000 |
| Material price variance | ₹ 51,000 (Fav) |

Actual price per kg of material is found to be less than standard price per kg of material by ₹ 10.

You are required to calculate :

(i) Actual quantity and Actual price of materials used.

(ii) Material Usage Variance

(iii) Material Cost Variance

Marks

(b) MFN Limited started its operation in 2011 with the total production capacity of 2,00,000 units. The following data for two years is made available to you :

| | 2011 | 2012 |
|---|---|---|
| Sales units | 80,000 | 1,20,000 |
| Total cost (₹) | 34,40,000 | 45,60,000 |

There has been no change in the cost structure and selling price and it is expected to continue in 2013 as well. Selling price is ₹ 40 per unit.

You are required to calculate :

(i) Break-Even Point (in units)

(ii) Profit at 75% of the total capacity in 2013.

(c) A company issued 40,000, 12% Redeemable Preference Shares of ₹ 100 each at a premium of ₹ 5 each, redeemable after 10 years at a premium of ₹ 10 each. The floatation cost of each share is ₹ 2.

You are required to calculate cost of preference share capital ignoring dividend tax.

(d) The following information relates to Beta Ltd. for the year ended 31st March 2013 :

| | |
|---|---|
| Net Working Capital | ₹ 12,00,000 |
| Fixed Assets to Proprietor's Fund Ratio | 0.75 |
| Working Capital Turnover Ratio | 5 Times |
| Return on Equity (ROE) | 15% |

There is no debt capital.

You are required to calculate :

(i) Proprietor's Fund

(ii) Fixed Assets

(iii) Net Profit Ratio.

Marks

2. (a) The summarized Balance Sheets of MPS Limited as on 31-3-2012 and 31-3-2013 are as under : **10**

**(₹ in lakhs)**

| **Liabilities** | **31-3-2012** ₹ | **31-3-2013** ₹ | **Assets** | **31-3-2012** ₹ | **31-3-2013** ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Equity share capital | 40.00 | 50.00 | Land & Building | 27.00 | 25.00 |
| Securities Premium Account | – | 1.00 | Plant & Machinery | 25.00 | 34.00 |
| General Reserve | 8.00 | 11.00 | Investments (Long Term) | 3.00 | 8.00 |
| Profit & Loss Account | 10.30 | 12.70 | Stock | 7.50 | 9.80 |
| 10% Debentures | 5.00 | 3.00 | Debtors | 9.25 | 11.15 |
| Sundry Creditors | 4.90 | 6.20 | Bills Receivable | 1.77 | 1.65 |
| Provision for Tax | 5.00 | 7.00 | Cash & Bank Balance | 4.50 | 7.70 |
| Proposed Dividend | 4.80 | 6.00 | Preliminary Expenses | 0.80 | 0.62 |
| Corporate Dividend Tax | 0.82 | 1.02 | | | |
| | **78.82** | **97.92** | | **78.82** | **97.92** |

**Additional Information :**

(i) On 1.4.2012, the company redeemed debentures of ₹ 2,00,000 at par.

(ii) During 2012-13 the company has issued equity shares for cash at a premium of 10%.

(iii) Provision for tax made during the year 2012-13 for ₹ 6,80,000.

(iv) Dividend received on investment ₹ 50,000 in July 2012.

(v) A machine costing ₹ 8,00,000 (WDV ₹ 1,20,000) was sold for ₹ 50,000 during the year 2012-13.

(vi) Depreciation for 2012-13 charged on plant & machinery ₹ 3,30,000 and ₹ 2,00,000 on land & building.

(vii) Proposed Dividend and Corporate Dividend Tax of 2011-12 paid during the year 2012-13.

Prepare a Cash Flow Statement as per Accounting Standard (AS)-3.

(b) A skilled worker is paid a guaranteed wage rate of ₹ 120 per hour. The standard time allowed for a job is 6 hours. He took 5 hours to complete the job. He is paid wages under Rowan Incentive Plan. **6**

(i) Calculate his effective hourly rate of earnings under Rowan Incentive Plan.

(ii) If the worker is placed under Halsey Incentive Scheme (50%) and he wants to maintain the same effective hourly rate of earnings, calculate the time in which he should complete the job.

3. (a) ABX Company Ltd. provides the following information relating to Process-B : **10**

(i) Opening Work-in-progress - NIL

(ii) Units Introduced - 45000 units @ ₹ 10 per unit

(iii) Expenses debited to the process :

| | |
|---|---|
| Direct material | ₹ 65,500 |
| Labour | ₹ 90, 800 |
| Overhead | ₹ 1,80,700 |

(iv) Normal loss in the process - 2% of Input

 **Marks**

(v) Work-in-progress - 1800 units

Degree of completion

| | | |
|---|---|---|
| Materials | - | 100% |
| Labour | - | 50% |
| Overhead | - | 40% |

(vi) Finished output - 42,000 units

(vii) Degree of completion of abnormal loss :

| | | |
|---|---|---|
| Materials | - | 100% |
| Labour | - | 80% |
| Overhead | - | 60% |

(viii) Units scrapped as normal loss were sold at ₹ 5 per unit.

(xi) All the units of abnormal loss were sold at ₹ 2 per unit.

You are required to prepare :

(a) Statement of equivalent production.

(b) Statement showing the cost of finished goods, abnormal loss and closing balance of work-in-progress.

(c) Process-B account and abnormal loss account.

(b) The following information related to XL Company Ltd. for the year ended 31st March, 2013 are available to you : **6**

| | |
|---|---|
| Equity share capital of ₹ 10 each | ₹ 25 lakh |
| 11% Bonds of ₹ 1000 each | ₹ 18.5 lakh |
| Sales | ₹ 42 lakh |
| Fixed cost (Excluding Interest) | ₹ 3.48 lakh |
| Financial leverage | 1.39 |
| Profit-Volume Ratio | 25.55% |
| Income Tax Rate Applicable | 35% |

You are required to calculate :

(i) Operating Leverage;

(ii) Combined Leverage; and

(iii) Earning Per Share.

4. (a) A company manufactures one main product ($M_1$) and two by-products $B_1$ and $B_2$. For the month of January 2013, following details are available : **8**

Total Cost upto Separation point ₹ 2,12,400

| | $M_1$ | $B_1$ | $B_2$ |
|---|---|---|---|
| Cost after separation | – | ₹ 35,000 | ₹ 24,000 |
| No. of units produced | 4,000 | 1,800 | 3,000 |
| Selling price per unit | ₹ 100 | ₹ 40 | ₹ 30 |
| Estimated net profit as parentage to sales value | – | 20% | 30% |
| Estimated selling expenses as percentage to sales value | 20% | 15% | 15% |

There are no beginning or closing inventories.

Prepare statement showing :

(i) Allocation of joint cost; and

(ii) Productwise and overall profitability of the company for January 2013.

Marks

(b) The following information is provided by the DPS Limited for the year ending 31st March, 2013. **8**

| | |
|---|---|
| Raw material storage period | 55 days |
| Work-in progress conversion period | 18 days |
| Finished Goods storage period | 22 days |
| Debt collection period | 45 days |
| Creditors payment period | 60 days |
| Annual Operating cost (including depreciation of ₹ 2,10,000) | ₹ 21,00,000 |

[1 year = 360 days]

You are required to calculate :

(i) Operating Cycle period.

(ii) Number of Operating Cycle in a year.

(iii) Amount of working capital required for the company on a cash cost basis.

(iv) The company is a market leader in its product, there is virtually no competitor in the market. Based on a market research it is planning to discontinue sales on credit and deliver products based on pre-payments. Thereby, it can reduce its working capital requirement substantially.

What would be the reduction in working capital requirement due to such decision ?

Marks

5. (a) Cost of a product or service is required to be expressed in suitable cost unit. State the cost units for the following industries : 4×4 =16

(i) Steel

(ii) Automobile

(iii) Transport

(iv) Power

(b) Distinguish between cost allocation and cost absorption.

(c) What is debt securitization ? And also state its advantages.

(d) Distinguish between factoring and bill-discounting.

6. (a) Pentax Limited has prepared its expense budget for 20,000 units in its factory for the year 2013 as detailed below : 7

| | **₹ per unit** |
|---|---|
| Direct Materials | 50 |
| Direct Labour | 20 |
| Variable Overhead | 15 |
| Direct Expenses | 6 |
| Selling Expenses (20% fixed) | 15 |
| Factory Expenses (100% fixed) | 7 |
| Administration expenses (100% fixed) | 4 |
| Distribution expenses (85% variable) | 12 |
| **Total ₹** | **129** |

Prepare an expense budget for the production of 15,000 units and 18,000 units.

Marks

(b) PQR Company Ltd. is considering to select a machine out of two mutually exclusive machines. The company's cost of capital is 12 per cent and corporate tax rate is 30 per cent. Other information relating to both machines is as follows : 9

| | Machine – I | Machine – II |
|---|---|---|
| Cost of Machine | ₹ 15,00,000 | ₹ 20,00,000 |
| Expected Life | 5 Yrs. | 5 Yrs. |
| Annual Income (Before Tax and Depreciation ) | ₹ 6,25,000 | ₹ 8,75,000 |

Depreciation is to be charged on straight line basis :

You are required to calculate :

(i) Discounted Pay Back Period

(ii) Net Present Value

(iii) Profitability Index

The present value factors of ₹ 1 @ 12% are as follows :

| Year | 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
|---|---|---|---|---|---|
| PV factor @ 12% | 0.893 | 0.797 | 0.712 | 0.636 | 0.567 |

7. Answer any **four** of the following : 4×4 =16

(a) "Perpetual inventory system comprises Bin Card and Stores Ledger, but the efficacy of the system depends on continuous stock taking." Comment.

(b) "Is reconciliation of cost accounts and financial accounts necessary in case of integrated accounting system ?"

Marks

(c) "Operating risk is associated with cost structure, whereas financial risk is associated with capital structure of a business concern." Critically examine this statement.

(d) What is venture capital financing ? State the factors which are to be considered in financing any risky project.

(e) State the advantages of Electronic Cash Management System.

---

**(Hindi Version)**

उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देना है ।

वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है,

तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।

प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है ।

शेष **छः प्रश्नों** में से किन्हीं **पाँच प्रश्नों** के उत्तर दीजिए ।

"कार्य टिप्पणियाँ (working notes) उत्तर के भाग होने चाहिए ।"

**Marks**

1. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए : **4×5 =20**

(अ) माह अप्रैल 2013 के लिए उत्पाद फोमेक्स (Phomex) का विवरण निम्नवत् है :

| | |
|---|---|
| अपेक्षित सामग्री की प्रति इकाई प्रमाप मात्रा | 5 किग्रा |
| वास्तविक उत्पादन | 1000 इकाइयाँ |
| प्रयुक्त सामग्री की वास्तविक लागत | ₹ 7,14,000 |
| सामग्री कीमत विचरण | ₹ 51,000 (Fav) |

प्रति किग्रा सामग्री की वास्तविक कीमत प्रति इकाई सामग्री की प्रमाप कीमत से ₹ 10 कम पायी गयी ।

आप से अपेक्षा है कि गणना कीजिए :

(i) प्रयुक्त सामग्री की वास्तविक मात्रा तथा वास्तविक कीमत

(ii) सामग्री प्रयोग विचरण

(iii) सामग्री लागत विचरण

Marl

(ब) एम एफ एन (MFN) लिमिटेड ने 2,00,000 इकाइयों की कुल उत्पादन क्षमता से 2011 में परिचालन शुरू किया । दो वर्षों की निम्नलिखित सूचनायें आपके लिए उपलब्ध हैं :

| | **2011** | **2012** |
|---|---|---|
| विक्रय की इकाइयाँ | 80,000 | 1,20,000 |
| कुल लागत | ₹ 34,40,000 | ₹ 45,60,000 |

लागत संरचना तथा विक्रय मूल्य में कोई परिवर्तन नहीं है तथा 2013 में भी वही रहने की प्रत्याशा है । विक्रय मूल्य ₹ 40 प्रति इकाई है ।

आप से अपेक्षा है कि गणना कीजिए :

(i) सम-विच्छेद बिन्दु (इकाइयों में)

(ii) 2013 में कुल क्षमता के 75% पर लाभ

(स) एक कम्पनी 40,000, 12% शोधनीय पूर्वाधिकार अंशों (जो प्रत्येक ₹ 100 के हैं ) को ₹ 5 प्रति अंश प्रब्याज पर निर्गमित करती है, जो 10 वर्षों बाद ₹ 10 प्रति अंश प्रब्याज पर शोधनीय हैं । प्रति अंश निर्गम लागत ₹ 2 है ।

लाभांश कर को उपेक्षित करते हुए पूर्वाधिकार अंशपूँजी की लागत की गणना कीजिए ।

(द) 31 मार्च 2013 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए बीटा (Beta) लि. की सूचनायें निम्नलिखित हैं :

| | |
|---|---|
| शुद्ध कार्यशील पूँजी | ₹ 12,00,000 |
| स्वामित्व निधि से स्थायी सम्पत्तियों का अनुपात | 0.75 |
| कार्यशील पूँजी आवर्त्त अनुपात | 5 बार |
| समता पर प्रत्याय (ROE) | 15% |

कोई ऋणपूँजी नहीं है ।

आप से अपेक्षा है कि गणना कीजिए :

(i) स्वामित्व-निधि

(ii) स्थायी सम्पत्तियाँ

(iii) शुद्ध लाभ अनुपात

Marks

2. (अ) एमपीएस लि. (MPS Ltd.) के 31-3-2012 तथा 31-3-2013 को संक्षिप्त आर्थिक चिट्ठे निम्नवत् हैं : **10**

**(लाख ₹ में)**

| दायित्व | 31-3-2012 ₹ | 31-3-2013 ₹ | सम्पत्तियाँ | 31-3-2012 ₹ | 31-3-2013 ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| समता अंशपूँजी | 40.00 | 50.00 | भुमि एवं भवन | 27.00 | 25.00 |
| प्रतिभूति प्रब्याज खाता | – | 1.00 | संयन्त्र एवं मशीनरी | 25.00 | 34.00 |
| सामान्य संचय | 8.00 | 11.00 | विनियोजन (दीर्घकालीन) | 3.00 | 8.00 |
| लाभ-हानि खाता | 10.30 | 12.70 | रहतिया | 7.50 | 9.80 |
| 10% ऋणपत्र | 5.00 | 3.00 | देनदार | 9.25 | 11.15 |
| सकल लेनदार | 4.90 | 6.20 | प्राप्य विपत्र | 1.77 | 1.65 |
| कर के लिए प्रावधान | 5.00 | 7.00 | रोकड़ एवं बैंक बाकी | 4.50 | 7.70 |
| प्रस्तावित लाभांश | 4.80 | 6.00 | प्रारम्भिक खर्चे | 0.80 | 0.62 |
| निगम लाभांश कर | 0.82 | 1.02 | | | |
| | **78.82** | **97.92** | | **78.82** | **97.92** |

**अन्य सूचनायें :**

(i) 1.4.2012 को कम्पनी ने सममूल्य पर ₹ 2,00,000 के ऋणपत्रों का शोधन किया ।

(ii) 2012-13 के दौरान कम्पनी ने 10% प्रब्याज पर रोकड़ हेतु समता अंशों का निर्गमन किया ।

(iii) वर्ष 2012-13 के दौरान ₹ 6,80,000 का कर के लिए प्रावधान किया गया ।

(iv) जुलाई 2012 में ₹ 50,000 का विनियोजन पर लाभांश प्राप्त हुआ ।

Marks

(v) वर्ष 2012-13 के दौरान एक मशीन जिसकी लागत ₹ 8,00,000 (पुस्तकीय मूल्य ₹ 1,20,000) को ₹ 50,000 में बेचा गया ।

(vi) वर्ष 2012-13 में संयन्त्र तथा मशीनरी पर ₹ 3,30,000 तथा भूमि एवं भवन पर ₹ 2,00,000 ह्रास काटा गया ।

(vii) वर्ष 2011-12 का प्रस्तावित लाभांश तथा निगम लाभांश कर वर्ष 2012-13 के दौरान भुगतान किया गया ।

लेखांकन प्रमाप (AS) – 3 के अनुसार नकद प्रवाह विवरण तैयार कीजिए ।

(ब) एक कुशल श्रमिक को ₹ 120 प्रति घंटे की प्रत्याभूत (गारण्टेड) मजदूरी का भुगतान किया जाता है । किसी कार्य (जॉब) हेतु प्रमापित समय 6 घंटे अनुमन्य है । वह कार्य सम्पादन में 5 घंटे का समय लेता है । उसे रोवन प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत मजदूरी का भुगतान किया जाता है । **6**

(i) रोवन प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत उसकी प्रभावी प्रति घण्टे आय की गणना कीजिए ।

(ii) यदि श्रमिक को हाल्से प्रोत्साहन योजना (50%) के अन्तर्गत लाया जाय तथा वह उसी प्रभावी प्रति घण्टे आय को कायम रखना चाहता है, तो समय की गणना कीजिए जिसमें वह कार्य सम्पादित कर सके ।

3. (अ) एबीएक्स (ABX) कम्पनी लि. प्रक्रिया B से सम्बन्धित निम्नलिखित सूचनायें प्रदान करती है : **10**

(i) प्रारम्भिक चालू कार्य (WIP) - NIL (शून्य)

(ii) प्रयुक्त इकाइयाँ - 45000 इकाइयाँ @ ₹ 10 प्रति इकाई

(iii) प्रक्रिया में किये गये व्यय :

| | |
|---|---|
| प्रत्यक्ष सामग्री | ₹ 65,500 |
| श्रम | ₹ 90, 800 |
| उपरिव्यय | ₹ 1,80,700 |

(iv) प्रक्रिया में सामान्य क्षय - प्रयुक्त इकाइयों का 2%

(v) चालू कार्य (WIP) - 1800 इकाइयाँ

पूर्णता की श्रेणी - सामग्री - 100%

श्रम - 50%

उपरिव्यय - 40%

(vi) निर्मित माल - 42,000 इकाइयाँ

(vii) असामान्य क्षय की पूर्णता की श्रेणी :

सामग्री - 100%

श्रम - 80%

उपरिव्यय - 60%

(viii) सामान्य क्षय की बेकार इकाइयाँ ₹ 5 प्रति इकाई की दर से बेची गयी ।

(xi) असामान्य क्षय की सभी इकाइयाँ ₹ 2 प्रति इकाई की दर से बेची गयी ।

आपसे अपेक्षा है कि तैयार कीजिए :

(a) समतुल्य उत्पादन का विवरण

(b) निर्मित माल की लागत, असामान्य क्षय तथा चालू कार्य (WIP) की अन्तिम बाकी का विवरण

(c) प्रक्रिया- B खाता तथा असामान्य क्षय खाता

(ब) 31 मार्च 2013 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए XL लि. की निम्नलिखित सूचनायें आपको उपलब्ध हैं : 6

| | |
|---|---|
| समता अंशपूँजी ₹ 10 के प्रत्येक अंश | ₹ 25 लाख |
| 11% बाण्ड्स प्रत्येक ₹ 1000 के | ₹ 18.5 लाख |
| विक्रय | ₹ 42 लाख |
| स्थिर लागत (ब्याज के अतिरिक्त) | ₹ 3.48 लाख |
| वित्तीय उत्तोलक | 1.39 |
| लाभ-मात्रा अनुपात (Profit Volume Ratio) | 25.55% |
| आय कर की दर (प्रभावी) | 35% |

Marks

आप से अपेक्षा है कि गणना कीजिए :

(i) संचालन उत्तोलक (Operating Leverage)

(ii) संयुक्त उत्तोलक (Combined Leverage)

(iii) प्रति अंश अर्जन (Earning Per Share)

4. (अ) कोई कम्पनी एक मुख्य उत्पाद ($M_1$) तथा दो उपोत्पादों $B_1$ तथा $B_2$ का निर्माण करती है । माह जनवरी – 2013 के लिए निम्नलिखित विवरण उपलब्ध है : **8**

| | $M_1$ | $B_1$ | $B_2$ |
|---|---|---|---|
| पृथक्कीकरण के उपरान्त लागत | – | ₹ 35,000 | ₹ 24,000 |
| उत्पादित इकाइयों की संख्या | 4,000 | 1,800 | 3,000 |
| विक्रय मूल्य (प्रति इकाई) | ₹ 100 | ₹ 40 | ₹ 30 |
| अनुमानित शुद्ध मूल्य का विक्रय मूल्य पर प्रतिशत | – | 20% | 30% |
| अनुमानित विक्रय व्यय का विक्रय मूल्य पर प्रतिशत | 20% | 15% | 15% |

पृथक्कीकरण बिन्दु (Separation Point) तक की कुल लागत ₹ 2,12,400 है । प्रारम्भिक एवं अन्तिम रहतिया कुछ भी नहीं है ।

निम्नलिखित को प्रदर्शित करते हुए विवरण तैयार कीजिए :

(i) संयुक्त लागतों का विभक्तिकरण; तथा

(ii) उत्पाद-वार तथा जनवरी 2013 के लिए कम्पनी की कुल लाभदायकता ।

Marks

(ब) 31 मार्च 2013 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए DPS लिमिटेड की निम्नलिखित सूचनायें प्रदान की जा रही हैं : 8

| | |
|---|---|
| कच्चे माल के संग्रहण अवधि | 55 दिन |
| चालू कार्य (WIP) का परिवर्तन अवधि | 18 दिन |
| निर्मित माल के संग्रहण अवधि | 22 दिन |
| ऋण वसूली अवधि | 45 दिन |
| लेनदार को भुगतान की समयावधि | 60 दिन |
| वार्षिक परिचालन लागत (ह्रास ₹ 2,10,000 को शामिल करते हुए) | ₹ 21,00,000 |

[एक वर्ष = 360 दिन ]

आप से अपेक्षा है कि गणना कीजिए :

(i) परिचालन चक्र-अवधि (Operating cycle period)

(ii) वर्ष में परिचालन चक्र की संख्या (Number of operating cycle in a year)

(iii) कम्पनी के लिए नकद लागत आधार पर अपेक्षित कार्यशील पूँजी की राशि

(iv) इस उत्पाद में कम्पनी बाजार में अग्रणी कम्पनी है । वास्तव में बाजार में कोई प्रतिस्पर्द्धी नहीं है । बाजार शोध के आधार पर यह योजना है कि साख पर विक्रय चालू न किया जाय तथा पूर्व भुगतान के आधार पर सुपुर्दगी की जाय । इस प्रकार कार्यशील पूँजी की आवश्यकता में प्रभाव पूर्ण कमी की जा सकती है । इस निर्णय से कार्यशील पूँजी की आवश्यकता में क्या कमी हो सकेगी ?

**Marks**

5. (अ) किसी उत्पाद अथवा सेवा की लागत को उपयुक्त लागत इकाई में अभिव्यक्त किया जाना चाहिए। निम्नलिखित उद्योगों की लागत इकाई स्पष्ट कीजिए : **4×4 =16**

(i) स्टील (Steel)

(ii) ऑटोमोबाइल (Automobile)

(iii) परिवहन (Transport)

(iv) शक्ति (Power)

(ब) लागत विभक्तिकरण (Cost Allocation) तथा लागत अवशोषण (Cost Absorption) में भेद स्पष्ट कीजिए।

(स) ऋण-प्रतिभूतिकरण क्या है ? तथा इसके लाभों को भी स्पष्ट कीजिए।

(द) फैक्टरिंग तथा बिल-डिस्काउण्टिंग में भेद स्पष्ट कीजिए।

6. (अ) पेण्टेक्स लिमिटेड अपने कारखाने में 20,000 इकाइयों के लिए वर्ष 2013 का निम्नलिखित व्यय-बजट तैयार किया है : **7**

| | **₹ प्रति इकाई** |
|---|---|
| प्रत्यक्ष सामग्री | 50 |
| प्रत्यक्ष श्रम | 20 |
| परिवर्तनशील उपरिव्यय | 15 |
| प्रत्यक्ष खर्चे | 6 |
| विक्रय के खर्चे (20% स्थिर) | 15 |
| कारखाना के खर्चे (100% स्थिर) | 7 |
| प्रशासनिक खर्चे (100% स्थिर) | 4 |
| वितरण के खर्चे (85% परिवर्तनशील) | 12 |
| **कुल ₹** | **129** |

उत्पादन की 15,000 इकाइयों तथा 18,000 इकाइयों के लिए व्यय बजट तैयार कीजिए।

Marks

(ब) पीक्यूआर लि. दो परस्पर अपवर्जक (Mutually exclusive) मशीनों में से एक मशीन के चयन पर विचार कर रही है । कम्पनी की पूँजी की लागत 12 प्रतिशत है तथा कम्पनी के लिए निगम कर की दर 30 प्रतिशत है । मशीनों के सम्बन्ध में अन्य विवरण निम्नवत् हैं : 9

| | **मशीन - I** | **मशीन – II** |
|---|---|---|
| मशीन की लागत | ₹ 15,00,000 | ₹ 20,00,000 |
| अपेक्षित जीवनकाल | 5 वर्ष | 5 वर्ष |
| वार्षिक आय (कर एवं ह्रास पूर्व) | ₹ 6,25,000 | ₹ 8,75,000 |

ह्रास सीधी रेखा के आधार पर चार्ज किया जाता है । आपसे अपेक्षित है कि गणना कीजिए :

(i) कटौतीयुक्त पुनर्भुगतान अवधि (Discounted Pay Back Period)

(ii) शुद्ध वर्तमान मूल्य (Net Present Value)

(iii) लाभदायकता निर्देशांक (Profitability Index)

दर 12% के ₹ 1 के लिए वर्तमान मूल्य घटक निम्नलिखित हैं ।

| **वर्ष** | 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
|---|---|---|---|---|---|
| **वर्तमान मूल्य घटक @ 12%** | 0.893 | 0.797 | 0.712 | 0.636 | 0.567 |

7. निम्नलिखित में से किन्ही **चार** के उत्तर दीजिए : 4×4 =16

(अ) "सतत् इनवेण्टरी प्रणाली बिन कार्ड तथा स्टोर्स लेजर से सम्बद्ध है, लेकिन इस प्रणाली की कुशलता इस बात पर निर्भर है कि स्टाक टेकिंग निरन्तर की जाय ।" टिप्पणी कीजिए ।

(ब) "क्या एकीकृत लेखांकन प्रणाली में लागत लेखों तथा वित्तीय लेखों का मिलान आवश्यक है ?"

(स) "परिचालन जोखिम लागत संरचना से सम्बन्धित है, जबकि वित्तीय जोखिम व्यावसायिक प्रतिष्ठान के पूँजी संरचना से सम्बन्धित है ।" इस कथन का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

(द) साहसी पूँजी वित्तीयन क्या है ? किसी जोखिमयुक्त परियोजना के वित्तीयन में विचारणीय घटकों को स्पष्ट कीजिए ।

(य) इलेक्ट्रानिक रोकड़ प्रबन्धन प्रणाली के लाभों को स्पष्ट कीजिए ।

---